राजभाषा कार्यान्वयन समिति
भारती महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हिंदी पारंगत प्रशिक्षण कक्षाएँ

महाविद्यालय में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय (भारत सरकार) के आदेशानुसार केंद्रीय हिंदी निदेशालय के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में फ़रवरी 2024 से हिंदी पारंगत प्रशिक्षण कक्षाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। इन कक्षाओं का उद्देश्य महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयी हिंदी में प्रशिक्षित करना एवं महाविद्यालय में प्रशासनिक स्तर पर हिंदी में काम काज को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से हिंदी प्राध्यापिका सप्ताह में दो बार महाविद्यालय परिसर में हिंदी प्रशिक्षण कक्षाओं के लिए आती हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी उच्च प्रशासनिक अधिकारी, महाविद्यालय के कर्मचारी, प्राध्यापक एवं महाविद्यालय की प्रमुख समितियों के संयोजकों के साथ साथ महाविद्यालय की प्राचार्या भी हिंदी कक्षाओं तथा हिंदी पारंगत परीक्षा हेतु पंजीकृत हैं।